Form No. III

फर्दअहकाम

(नियम 26)

अज अदालत **न्यायालय अति0 कलक्टर चित्तौड़गढ़** मुकाम **चित्तौड़गढ**

समस्त ग्रामवासियान बनाम **बाबु मोहम्मद वगैराह**

किस्मा मुकदमा **राजस्व अपील** नं0 **005** सन् **2019**

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
24.12.2020	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता अपीलांट हाजिर। हमने पत्रावली का आद्यौपांत अवलोकन किया। अधनीस्थ न्यायालय तहसीलदार रावतभाटा से प्राप्त अभिलेख का अवलोकन किया। मनन किया। अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार रावतभाटा द्वारा अपने प्रकरण संख्या 03/2014 अनवानी ग्राम पंचायत बनाम बाबु वगै0 में माननीय न्यायालय संभागीय आयुक्त महोदय, उदयपुर द्वारा अपने प्रकरण संख्या 078/2013 अनवानी ग्राम पंचायत बनाम बाबु मो0 वगैराह निर्णय दिनांक 04.08.2014 द्वारा प्राप्त निर्देश/आदेश की पालना में विधिवत सुनवाई जांच किये जाने के पश्चात् अपीलाधीन आदेश दिनांक 21.07.2015 पारित किया गया है। ऐसी स्थिति में अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार रावतभाटा द्वारा पारित आदेश दिनांक 21.07.2015 अंतर्गत धारा **135 LR ACT 1956** के तहत विवादित कार्यवाही के तहत विधिवत सुनवाई की जाकर पारित किया गया है, ऐसी स्थिति में अंतर्गत धारा **75 LR ACT 1956** के तहत तहसीलदार द्वारा निर्णित विवादित श्रेणी के प्रकरणों की प्रथम अपील का क्षेत्राधिकार इस न्यायालय को प्राप्त नहीं होकर माननीय न्यायालय संभागीय आयुक्त महोदय को प्राप्त है, ऐसी स्थिति में हस्तगत प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है एवं प्रकरण को सक्षम न्यायालय में प्रेषित किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः हस्तगत अपील में कार्यवाही इसी स्तर पर समाप्त किये जाने का आदेश दिया जाता है। प्रकरण को माननीय संभागीय आयुक्त महोदय, उदयपुर को भिजवाया जावें। पत्रावली का मुसन्ना रिकार्ड में रखा जावें। तद्नुसार अभिलेख में अंकन किया जावें। तहसीलदार रावतभाटा से प्राप्त अभिलेख प्रकरण संख्या 03/2014 नि0दि0 21.07.2015 जो इस पत्रावली के हम किता को भी माननीय न्यायालय संभागीय आयुक्त महोदय उदयपुर को पत्रावली के हम किता किया जाकर भिजाया जावें। पत्रावली की गणना निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही के मूल पत्रावली माननीय न्यायालय को भिजवाई जावें। आदेश खुले न्यायालय में सुनाया गया। – ह0 – (मुकेश कुमार कलाल) अतिरिक्त कलेक्टर, (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ 24.12.2020 Signature Not Verified Digitally signed by Mukesh Kumar Date: 2021.01.05 18:46:48 IST Reason: SelfAttested Web Copy - Not Official	